STATEMENTS BY MINISTERS

Status of implementation of recommendations contained in the Hundred and Nineteenth Report of Department-Related Parliamentary Standing Committee on Home Affairs

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI SHIVRAJ V. PATIL): Sir, I lay a statement on the status of the implementation of recommendations contained in the Hundred and Nineteenth Report of the Department-Related Parliamentary Standing Committee on Home Affairs.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The House is adjourned for lunch for one hour.

The House then adjourned for lunch at twenty nine minutes past one of the clock.

The House re-assembled after lunch at thirty one minutes past two of the clock, MR. DEPUTY CHAIRMAN in the Chair.

SHORT DURATION DISCUSSION

Suicide by the farmers in various parts of the country and the demand to increase the Minimum Support Price of foodgrains

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, we shall take up the Short Duration Discussion. Dr. M.S. Gill.

श्री एम0 वेंकैया नायडु (कर्णाटक): सर, विपक्ष को पहले बोलने का मौका देना चाहिए?

श्री उपसभापति : शॉर्ट ड्यूरेशन में जो फर्स्ट नाम रहता है, उसको बोलना होता है।

डा0 एम0 एस0 गिल (पंजाब): सर, वह मानते हैं कि मैं बोलूंगा, हम एक ही बात करेंगे।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: It was discussed in the morning. यह बात डिसकसन के दौरान आई थी।

डा0 एम0 एस0 गिल : उपसभापति जी, मैं धन्यवाद देता हूं, कि आपने यह विषय चर्चा के लिए रखा ओर मुझे इसको शुरू करने का मौका भी दिया। मेरा ख्याल है कि यह बात तो सारा सदन, चाहे वह किसी तरफ के सदस्य हों, मानेंगे और राजनाथ सिंह जी किसान हैं, वह जानते हैं, वह थोड़ी-बहुत किसानी करते भी होंगे, यह देश तो अब भी किसान के ऊपर निर्भर है। इंडस्ट्री बढ़ी है, लिबरलाइजेशन हुआ है, आई0टी0आई0 है, बहुत कुछ हुआ है, हम इसकी तारीफ करते हैं, लेकिन आज भी 65 प्रतिशत या उससे कुछ ज्यादा लोग गांवों में बैठे हैं, चाहे

दक्षिण हो, चाहे पंजाब हो, चाहे बिहार हो, कोई भी प्रदेश हो। अगर उनको साथ लेकर नहीं चलेंगे, इतना इकोनोमिक्स मैं जानता हूं, अगर उनको साथ लेकर उठा नहीं सकेंगे, तो कोई देश इक्कीसवीं सदी में, एशिया की सेंचुरी या इंडिया की सेंचुरी बनने का नहीं है, यह मैं स्पष्ट कहता हूं। ...**(व्यवधान)**... अहलुवालिया जी, मेरी भी थोड़ी गल सुन लो। ...**(व्यवधान)**... यह जो देश है, यह गांव वालों के, किसानों के, सारे ही जो रूरल लोग हैं, उनके बगैर, किसी सदी में, किसी पहली कतार में नहीं आयेगा, ऐसा मैं मानता हूं। आज सबको यह पता है, सारे ही इस बात पर दुखी हैं कि किसान की हालत बुरी है और बिगड़ी है, बेहतर नहीं हुई है। जो आत्महत्यायें हो रही हैं, लोग आन्ध्र प्रदेश की रोज़ बात करते हैं, मैंने भी यहां कई दफा की है, आन्ध्र प्रदेश की बात की है और अन्य कई प्रांतों की बात की है। मैंने यह बात कही कि पंजाब में भी स्यूइसाइड्स हुई हैं, अगर कोई कहता है कि पंजाब सरकार ने कोई फिगर्स नहीं दी है, तो इससे बात खत्म नहीं होगी। मैं अमृतसर में, गांव में बैठा हुआ हूं, जलसा हो रहा है और मेरे साथ बैठे हुए किसान कह रहे हैं, किसान यूनियन के लोग कह रहे हैं कि फलां गांव में 42 साल के आदमी ने आत्महत्या कर ली है, उसके दो लड़कियां 15 साल और 17 साल की हैं, कौन रोटी देगा, कौन शादी करेगा? ऐसी हालत है। अगर पंजाब में यह है, तो बाकी हिन्दुस्तान का अंदाजा करने की जरूरत ही नहीं है। वह जो हरित क्रांति 1970 में गेहूं के साथ आई थी और बाद में धान का आया था, मैं उस काम में बड़ा हिस्सेदार हूं। लेकिन आज अगर पंजाब में यह नीचे गिर गया है, हरियाणा में गिर गया है, यू0पी0 में गिर गया है, तो आन्ध्र प्रदेश मैंने बहुत घूम कर देखा है, वह तो सारा पत्थर का देश है। आई0टी0 हैदराबाद में है, मैंने एक दफा नायडु जी को कहा था, जितनी मर्जी कर लो, अगर डेमोक्रेसी है, अगर गांव में कुछ नहीं होगा, अगर वोटर नहीं होगा, लोग मरेंगे, मैंने टी0वी0 पर देखा कि लड़की को कहती है मां कि मैं दस साल की यह दे रही हूं, क्योंकि मैं चार बच्चे पाल नहीं सकती। मेरा दिल आज भी कांपता है इस पर कि क्या हुआ, लोग ऐसा भी करते हैं? क्या ऐसा मां को करना पड़ता है। यह हालत देश की है। इसलिए आत्महत्या भी हैं, कई प्रांतों में हैं और वे इसलिए हैं कि स्मॉल होल्डिंग्ज़ का यह देश है, पंजाब में भी दो एकड़ वाले हैं, मैं आपको बताऊं कि मैं भी दो एकड़ वाला हूं और आजादी के समय हम 30 करोड़ थे अब हम 100 करोड़ से ऊपर हो गये हैं, तो वह तो कट, कट, कट सारे प्रांतों में हुआ है। दो एकड़, तीन एकड़, चार एकड़ में, उनका इकोनामिक होल्डिंग, यहां उनकी इन्कम बनती ही नहीं है। अगर नहीं बनती है तो उसके ऊपर कैसे गुजारा होगा? उनको भी हमने रोटी तो देनी ही है। उनको रोटी देनी है, तो थोड़ी सी इज्जत की दो, ज्यादा मत दो। अमीर तो और हिन्दुस्तान में होंगे, रूरल में नहीं होंगे, न कभी थे, न दुनिया में कहीं हैं। जो अमीर होते हैं, बिलियनेयर, जिनकी आज इस देश में बहुत गौरव से चर्चा होती है कि कितने बिलियनेयर इंडिया में हो गए। टीवी वाले या प्रेस वाले एक ही खबर देते हैं कि कितने हो गए हैं, कितने और होंगे। सारे लंदन में छुट्टियां काटेंगे, यह करेंगे, वह करेंगे। लेकिन हिन्दुस्तान तो इधर ही रहेगा - जो असल हिन्दुस्तान है और आज भारत और इंडिया का सवाल बन रहा है। यह देश अगर इकट्ठा नहीं जाएगा, तब भी मुश्किल होगी, आप जो मर्जी कर लो। पंजाब में सेंवटीज़ में जो कुछ हुआ था, यह मत सोचो कि दोबारा नहीं आ सकता है - मैं आपको स्पष्ट तौर पर कह रहा हूं। मैं इस हाउस में यह भी कह चुका हूं कि हिन्दुस्तान के पेट में नेपाल से लेकर कर्नाटक तक तो एक आग लगी ही हुई है, सबको पता है। वह प्रॉब्लम सिर्फ नयी बटालियन से तो डील नहीं होगी, जितनी मर्जी बटालियन खड़ी कर लो। वह तो सोशल और सॉल्यूशन से ही होगी, उसके लिए रोटी देनी होगी। जब तक हम एक डेमोक्रेटिक कंट्री हैं, जहां

डेमोक्रेसी टूट नहीं सकती क्योंकि लोगों को विश्वास है, इसलिए जो मर्जी कर लो, सबको साथ जाना होगा, सबको रोटी देनी होगी। ठीक है, आप घी से खाओ, मैं सूखी खा लूं, किन्तु सूखी तो दोगे। अगर नहीं दोगे तो बलवा होगा। यहां पर फाइनेंस मिनिस्टर साहब बैठे हैं, एग्रीकल्चर मिनिस्टर साहब भी बैठे हैं, मुझे खुशी है कि वे इन चीज़ों को सुनेंगे और इन पर सोचेंगे। इस हिसाब से जो भी आप पॉलिसी बनाते हो, चाहे इनवेस्टमेंट की हो, चाहे क्रेडिट की हो - ग्रीन रेवोल्यूशन जितना पंजाब में था, पंजाब ने 60 परसेंट सरप्लस इस देश को दिया है, पिछले बीस-तीस साल से, सन् 70 से लेकर, सबको पता है, इनके पास फिगर्स हैं, मैं भी उनके साथ रहा हूं, धान का भी और गंदम का भी। लेकिन वह सारा कुछ हमने कोऑपरेटिव क्रेडिट में बनाया था। फाइनेंस मिनिस्टर साहब, मीडियम टर्म, शॉट टर्म, क्रॉप लोन - यह सब मुझसे पूछो। मैंने किताब भी लिखी है, विलायत में, केम्ब्रिज में जाकर, पंजाब के ऊपर और इंडिया के ऊपर। आपको भी पता है। आज पंजाब में कोऑपरेटिव क्रेडिट बीस परसेंट है। रोज़ चीफ मिनिस्टर फिगर्स देता है कि उसमें से 26 हजार करोड़ कर्जा है, किसान का और उसमें से मेन फिगर है, साहूकार क्रेडिट की। मैंने जब किताब लिखी थी, लॉर्ड कर्ज़न, 19वीं शताब्दी से लेकर इंडिया का स्टडी किया था। इस प्रकार साहूकार क्रेडिट से बचाने के लिए कोऑपरेटिव सिस्टम वे बाहर से लाए थे, वेस्ट से लाए थे, इटली से, डेनमार्क से और लेबर पार्टी के केयर हार्डी वगैरह इंग्लैंड से। अब वह खत्म हो गया है, सारे देश में हो गया है। मुझे पता है, उसमें कई दिक्कतें हैं, फाइनेंस मिनिस्टर जानते हैं। सॉल्यूशन मैं भी एक दम देने वाला नहीं हूं, न ही दे सकता हूं। लेकिन चिंता तो हो, इलाज तो करना पड़ेगा कि चीप क्रेडिट हो। जो प्राइस उसको दो, वह नेट इनकम हो - जो मैं पंजाब में रोज़ कह रहा हूं, अभी धान की कीमत के ऊपर कि आप सच्चे दिल से हिसाब कर लो और उसके खर्चे लेकर, डीज़ल की कीमत बढ़ रही है, पेट्रोल की और ऑयल की कीमत के बारे में आप जानते ही हैं कि इराक के बाद कहां वह जा रही है। इस प्रकार उसका जो भी हिसाब करो, वह सच्चे दिल से करो, गप-शप से नहीं। Agricultural Commission for Costs and Prices है, मैं भी वहां का सेक्रेटरी हूं। वह तो सबॉर्डीनेट्स हैं। मैं यह कहूंगा, मैंने पंजाब में कहा है, इंडीपेंडेंट एग्रीकल्चरल प्राइस कमिशन हो, outside the Ministry. It should have powerful, independent people, experts as well as farmers, not just economists, who think of balancing budgets or think of some other factors or, purely the distribution side for those who are not there, for those living in the urban areas. उनको सब्सिडी दो, लेकिन वह मेरी जेब से कैसे निकालोगे और आज तो मेरी जेब में है ही कुछ नहीं। तब क्या करेंगे? इसलिए मैं आप लोगों से अर्ज करता हूं कि इस संबंध में इधर बैठने वाले भी और उधर बैठने वाले भी गंभीरता से सोचें। एक चीज़ मैं कहना चाहता हूं कि शरद पवार जी को इस संबंध में बहुत तजुर्बा है, मैं भी पिछले चालीस साल से इधर-उधर से उनके नज़दीक ही रहा हूं, चाहे मैं जिस ड्यूटी में भी रहा हूं। मैं यह जानता हूं कि अगर ये सोच सकते, तो ये किसान का सोच सकते हैं, उधर का भी सोच सकते हैं और इधर का भी। हम लोग आज प्रधानमंत्री जी के पास गए। मैंने आज उन्हें कहा कि सुसाइड का चार-पांच सदर्न स्टेट्स का ही हुआ - वहां प्रॉब्लम है, लेकिन पंजाब के संबंध में अच्छा नहीं लगा कि पंजाब में हो रहे सुसाइड्स के कोई मायने ही नहीं हैं। 30-40 साल से वह अनाज दे रहा है और आज भी आप वहां से पचास लाख टन गंदम तो शायद ला रहे हो, और भी लाओगे। आज भी कहते हो कि अब जल्दी ग्रो करो। मेरी नौकरी इसी पोज़िशन में गयी, मैं पीछे के सबके गिन सकता हूं, अगर आप कभी मुझे कहेंगे। उसमें जब थोड़ा सा सरप्लस हो जाए तो यहीं मीटिंग्स में

हमें कह दिया जाता था कि 'No, we are not bothered about wheat, we cannot give you more price.' दुकरा दिया जाता था और मैंने यह भी देखा - प्लानिंग कमीशन के एक फॉर्मर सेक्रेटरी थे - मिस्टर राव, आज भी होंगे। वे जब वहां आते हैं, तो कहते हैं कि तुमको कॉटन नहीं पैदा करनी, तुमको तो व्हीट ही करना है, क्योंकि हमें तो व्हीट ही चाहिए। हरेक आदमी, चाहे इंडस्ट्रियलिस्ट हो, चाहे किसान हो, वह काम वही करेगा, जिसमें उसको थोड़ा सा लाभ हो। तो यह तो नहीं हो सकता और फिर इतने सरप्लस के बाद अब वह सरप्लस निकल गया, अब चिंता हो रही है और अगर हमसे चाहते हो, तो यह जो धान की कीमत है, पिछले चार साल के मैं टेबल देख रहा हूं - दस रुपए, ज़ीरो, दस रुपए, दस रुपए। मैंने पंजाब में डटकर कहा कि यह तो चाय की प्याली की भी कीमत नहीं है। तो जो reasonable है, मैं कहता हूं सच्चे दिल से उसका हिसाब करो और सच्चे दिल से उसको दे दो।

The second thing that I want to say कि व्हीट के मामले में जो हुआ, थोड़ी कीमत दी, लेकिन बाद में एक बोनस डिक्लेयर कर दिया। यह बोनस का आइडिया तो मुझे बिल्कुल अच्छा नहीं लगता है। It is a clever device of Government people in Delhi, because अगर प्राइस बोलोगे, तो फिर parameter वहां चला जाएगा और अगले साल उससे ऊपर करना होगा। अगर बोनस दे दो, तो वह हमने आपको गिफ्ट दिया। जब अप्रैल के आखिर में आपने दिया और जब सारी व्हीट व्यापारी ले गए, तो small farmer को कहा कि यार, पांच रुपए और ले लो मिनिमम पर, दस ले लो और उस बेचारे ने ले लिए। तो जो आपका बोनस है, वह तो trader को गया और एक बड़ी अजीब चीज़ हुई पिछले चार दिन में, पंजाब के चीफ मिनिस्टर ने 27 करोड़ व्हीट के लिए कहा कि हम बजट से देंगे और वे दे रहे हैं। जो किसान ऐसे धोखे में आ गए, क्योंकि दिल्ली का फैसला ठीक नहीं हुआ, तो हम दे देते हैं। तो यह तो और भी अजीब चीज़ है पंजाब के लिए कि ग्रो भी हम करें, खर्चे भी हम बरदाश्त करें, बिजली भी हम खरीदकर लाएं उड़ीसा से डबल कीमत पर, ट्यूबवैल के लिए, धान के लिए। हम तो धान नहीं खाते हैं। कितना खा लेंगे? साठ परसेंट सरप्लस है देश का और फिर कीमत आप नहीं देंगे और वह भी मैं अपनी जेब से अपने आपको ही दूंगा। मैं किसान भी हूं, मैंने इधर टैक्स दिए और वही टैक्स निकालकर अपने आपको दे दूं? इसको पंजाबी में कहते हैं - "साड्डा ई सिर मुन के सान्नूं दे देओ।" "Chop up my hair and put it in my *jholi*." What sort of economics is this? Can anybody explain to me? Give them reasonable prices; announce them in good time. I have been talking with the Agriculture Minister and I hope that he is going to give us some good answers or some answers worthwhile, and some hope to the farmers, not just of Punjab but of everywhere -- Haryana or U.P. or Bihar or south or north. It doesn't matter. I hope he will give it and the prices even for the next wheat crop will be announced in time after careful consideration. You give for farmer some incentive to grow it; you give him some incentive to give it to your procurement agencies. आपको जरूरत पड़नी है, नहीं तो आपको बहुत मुश्किल होगी और जो suicides की दिक्कत है, किसानों की, उसके लिए चाहे वह कहीं का भी हो, पंजाब का हो या आंध्र का हो, सबके लिए मैं कहूंगा कि थोड़ा सा, आप कृपा करके ध्यान दें और मैं आखिर में यह बात जरूर दोहराऊंगा कि बड़े-बड़े economists बैठे हैं, प्रधान मंत्री जी

हैं, जो दुनिया के माने हुए economist हैं, फाइनेंस मिनिस्टर बहुत जानते हैं, और बहुत से हैं, लेकिन इतना मेरा ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति : जयराम रमेश भी हैं।

डा0 एम0 एस0 गिल : हां जी, जयराम रमेश भी बैठे हैं, पर इनका attitude किसानों के बारे में कुछ और रहता है। पर जो भी बैठे हैं, मैं तो कम जानता हूं। उपसभापति जी ...**(व्यवधान)**...

श्री उपसभापति : पीछे भी एक हैं।

डा0 एम0 एस0 गिल : सर, मैं तो इतना ही नुक्ता आखिर में रखना चाहता हूं कि आज जो देश की overall economic growth की पॉलिसी हो रही है, उसमें बहुत अच्छे काम हो रहे हैं, आप बड़ा-बड़ा सोच रहे हैं, पर जो मैंने दो सफे Economics के पढ़े हैं, वह यह है कि हिंदुस्तान का जो रूरल भाग है, जो अब भी रूरल है, तीस साल बाद भी मेजॉरिटी जिसकी रूरल ही होगी, उसको साथ लेकर चलना होगा। किसान को भूखा नहीं मारना होगा। उसने आपको रोटी देनी है, तो थोड़ा सा उसका हाथ पकड़ो, धन्यवाद।

श्री राजनाथ सिंह (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति महोदय, इस सदन में अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील विषय पर चर्चा हो रही है। यह सच है कि इस देश की सबसे बड़ी जनसंख्या यदि किसी सैक्टर में लगी हुई है तो एग्रीक्लचर सैक्टर में लगी हुई है। सबसे ज्यादा रोजगार की संभावनाएं यदि किसी क्षेत्र में हैं तो वे एग्रीक्लचर सैक्टर में हैं, लेकिन आज किसानों की हालत कितनी बद से बदतर हो चुकी है, यह बताने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि हिन्दुस्तान का हर व्यक्ति इससे परिचित है। श्रीमन्, मैं पहले आंकड़ों को आपके सामने नहीं रखना चाहता हूं, लेकिन कुछ कहने से पहले मैं आपके माध्यम से, माननीय कृषि मंत्री जी से भी यह कहना चाहूंगा कि यदि हम चर्चा प्रारम्भ कर रहे हैं, तो जो हमारा अन्नदाता किसान है, उसकी आत्महत्या पर राजनीति की रोटी सेकना हमारा उद्देश्य नहीं है। हम तो यह चाहते हैं कि किसान किन कारणों से आत्महत्या कर रहा है, उन कारणों को समझा जाए और उनका समाधान किया जाए। महोदय, यह भी विडम्बना है कि इस हिन्दुस्तान में लम्बे समय तक यदि किसी एक पार्टी की हुकूमत रही है तो आज जिस पार्टी की केन्द्र में सरकार है, उसी की हुकूमत रही है। यानी विशेष रूप से एकछत्र हुकूमत यदि किसी की रही है तो वह कांग्रेस की हुकूमत रही है। मैं इस सरकार को स्मरण कराना चाहता हूं कि जो इस देश के प्रथम प्रधान मंत्री पं0 जवाहर लाल नेहरू थे, उन्होंने यह कहा था कि हम अन्य समस्याओं के समाधान में तो कुछ विलम्ब कर सकते हैं, प्रतीक्षा कर सकते हैं, लेकिन कृषि जगत से जुड़ी हुई समस्याओं के समाधान में रंचमात्र भी विलम्ब नहीं कर सकते। उनका कहना था कि यदि हमने कृषि क्षेत्र की समस्याओं के समाधान में विलम्ब किया तो इस देश की अर्थ व्यवस्था चरमरा कर बैठ जाएगी। यह बात पं0 जवाहर लाल नेहरू ने उस समय कही थी, लेकिन आज आजादी के 59 वर्ष गुजर गए हैं और लम्बे समय तक एक ही राजनीतिक पार्टी की हुकूमत इस हिन्दुस्तान में रही है, फिर भी किसानों की समस्या का समाधान नहीं हो पाया। आज किसान यह मानने लगा है कि उसकी खेती अब लाभकारी नहीं रह गई है, अब वह घाटे का सौदा हो गया है। अब वह अपने उस कृषि कार्य से हटने की बात भी सोच रहा है और एक बड़ी संख्या में नेशनल सैम्पल सर्वे का जो सर्वेक्षण आया है, उसमें भी यह बात आई है कि ऐसे बहुत सारे किसान परिवार हैं, जिनको अब यह महसूस होने लगा है कि अब

हमारी कृषि लाभकारी नहीं रह गई है, इसलिए वे कृषि के पेशे से दूर हटना चाहते हैं। इसके साथ ही अब लोग यह भी मानने लगे है कि कृषि का कार्य उतना सम्मान जनक नहीं रह गया है, जितना कि अन्य पेशे में काम करना सम्मानजनक होता है। महोदय, मैं तो यह मानता हूं कि जिस दिन इस देश के किसान का बेटा यह फैसला करेगा कि क्लास फोर की नौकरी नहीं करेंगे, यदि हमारे पास थोड़ी बहुत भी जमीन है तो निश्चित रूप से अपनी खेती के माध्यम से अपनी जीविका चलाएंगे और किसान भी यह महसूस करने लगेगा कि हमारे बाद हमारा बेटा भी किसान होना चाहिए, मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि उस दिन देश की अर्थव्यवस्था में एक बहुत बड़ा परिवर्तन आ जाएगा। लेकिन आज जो ऐसे हालात पैदा हुए हैं, उनके पीछे क्या-क्या कारण हैं, मैं उन कारणों का भी यहां संक्षेप में उल्लेख करना चाहूंगा। किसान जितना भी इनपुट अपने इस कृषि क्षेत्र में लगाता है, उस हिसाब से उसको उसकी कीमत नहीं मिल पाती है, इस समय सबसे बड़ा संकट यही है। सरकार के द्वारा मिनिमम सपोर्ट प्राइज निर्धारित की जाती है, लेकिन मैं जानता हूं कि मिनिमम सपोर्ट प्राइज इस बात को ध्यान में रखकर निर्धारित नहीं की जाती है कि किसानों के लिए यह खेती का काम कैसे लाभकारी हो जाए। ऐसे बहुत सारे कम्पलशंस होते होंगे, मैं यहां पर उनकी चर्चा नहीं करना चाहता हूं, लेकिन इस ओर ध्यान नहीं दिया जाता है। उनको मिनिमम सपोर्ट प्राइज ऐसी दी जाए, ताकि उनकी खेती उनके लिए लाभकारी हो जाए। जो भी किसान कृषि के क्षेत्र में इनपुट्स डालता है, चाहे वह डीज़ल हो, बीज, पेस्टीसाइड्स हों, ये जो सारी चीजे हैं, उनकी कीमतें भी बेतहाशा बढ़ी हुई हैं। इनकी कीमतें बढ़ने के अतिरिक्त, इस गवर्नमेंट के आने के बाद महंगाई भी तेजी के साथ बढ़ी है। जहां तक डीज़ल का सवाल है, पिछले 2 वर्षों में डीज़ल की कीमत 6 से लेकर 7 बार बढ़ी है। आज़ाद भारत के इतिहास में शायद ऐसा कभी नही हुआ होगा कि दो वर्षों के अंदर डीज़ल की कीमत इतनी तेजी के साथ बढ़ी होगी और यह महंगाई बढ़ने का ही परिणाम है, agricultural inputs के महंगे होने का ही परिणाम है कि किसानो द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटनाएं बढ़ी हैं। मैं उन आंकड़ों का भी यहां पर उल्लेख करना चाहूंगा कि आंध्र प्रदेश में वर्ष 2004-05 में 1,068 किसानों ने आत्महत्याएं की हैं। यह मैं वर्ष 2006 की बात नहीं कर रहा हूं, वर्ष 2005 की बात कर रहा हूं, वर्ष 2006 के आंकड़े तो और हैं, और बड़े आंकड़े हैं। मैं देख रहा हूं कि आंध्र प्रदेश में भी किसानों द्वारा आत्महत्या की घटनाएं हो रही हैं, कर्नाटक में भी किसानों द्वारा आत्महत्या की घटनाएं हो रही हैं, महाराष्ट्र में भी किसानों द्वारा आत्महत्या की घटनाएं हो रही हैं। भले ही मंत्री जी ने यह उत्तर दिया हो कि पंजाब में किसानों द्वारा आत्महत्या की घटनाएं नहीं हो रही हैं, लेकिन गिल साहब ने बतलाया कि पंजाब में भी किसानों द्वारा आत्महत्या की घटनाएं हो रही हैं। केरल में वर्ष 2005 मे 21 किसानों ने आत्महत्या की। मैं देख रहा हूं कि जिन राज्यों में आपकी सरकार है, उन्हीं राज्यो में सर्वाधिक किसान आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो रहे हैं। यह कैसी विडंबना है, क्या कारण है, क्यों नहीं आपकी सरकार वहां के किसानों की समस्या का समाधान निकाल पा रही है?

उपसभापति महोदय, मैं यह कहना चाहूंगा कि इस सरकार को सचमुच किसानों के प्रति जितना संवेदनशील होना चाहिए, उतनी संवेदनशील वह नहीं है। हम सभी जानते हैं कि सहानुभूति और संवेदनशीलता में एक ऐसी कुव्वत होती है, एक ऐसी ताकत होती है कि बड़े से बड़ा करिश्मा इसके माध्यम से किया जा सकता है। मैं उस घटना का यहां पर उल्लेख करना चाहूंगा, जो हरियाणा के कुरुक्षेत्र में हुई थी, जहां प्रिंस नामक 4 वर्ष का बालक 60 फीट गहरे गड्ढे में गिर गया था, भले ही वह बालक, वह बेटा अकेला रहा हो, लेकिन सारे देश की दुआएं,

सारे देश की सहानुभूति, सारे देश की संवेदना उस बच्चे के साथ थी और आपने देखा कि वह बच्चा बच निकला। मैं यह मानता हूं कि सचमुच यदि किसानों की समस्या के समाधान के प्रति यह सरकार संवेदनशील हो जाए, तो मैं समझता हूं कि उनकी समस्याओं का समाधान निकालना कठिन नहीं होगा।

उपसभापति महोदय, सरकारी की सारी नीतियां - चाहे वह मूल्य नीति हो, चाहे आयात नीति हो, चाहे वह निर्यात नीति हो - इतनी दोषपूर्ण हैं कि जिनके कारण यह संकट निरंतर गहराता जा रहा है। आज़ादी के इतने वर्ष गुज़र जाने के बावजूद आज हमारे देश की 40 से 42 फीसदी जमीन सिंचित हो पाती है, लेकिन लगभग 58 फीसदी जमीन आज भी असिंचित है। कैसे किसान की खेती उसके लिए लाभकारी होगी, इस ओर भी सरकार को ध्यान देने की आवश्यकता है।

उपसभापति महोदय, प्राकृतिक आपदाओं के कारण, natural calamities के कारण किसान की पूरी की पूरी फसल बरबाद हो जाती है, फिर किसान की सुध लेने वाला कोई नहीं रहता है, चिंता करने वाला कोई नहीं रहता है। किसानों द्वारा आत्महत्या किए जाने के पीछे, जहां उनके produce की, उनके उत्पाद की उचित कीमत न मिलना एक कारण है, वहीं प्राकृतिक आपदाओं के कारण जो उनकी फसल बरबाद हो जाती है, वह भी एक कारण है, जिसके परिणामस्वरूप वे आत्महत्या करने के लिए मजबूर होते हैं।

उपसभापति महोदय, WTO के जो provisions हैं, उनका भी मैं यहां पर उल्लेख करना चाहूंगा। WTO के जो provisions हैं, उनमें कृषि जिंसों के इंपोर्ट पर हमारी गवर्नमेंट 100-150-300 परसेंट तक इंपोर्ट टैक्स लगा सकती है, ताकि जो देश सब्सिडी देते हैं, उनके competition में, उनकी स्पर्धा में भारत का किसान भी खड़ा हो सके, लेकिन हो क्या रहा है कि आज OECD नामक 20 अमीर देशों का एक क्लब है और ये 20 अमीर देश, अपने-अपने देशों में खेती को लगभग 44 परसेंट का अनुदान देते हैं और इन देशों ने अपने किसानों को 350 बिलियन डालर की जो सब्सिडी दी है, वह हमारे टोटल नेशनल इनकम का 60 परसेंट बनता है, जबकि WTO में ही इन सारे अमीर देशों ने वादा किया था कि हम 10 वर्षों के अन्दर सब्सिडी को घटा कर 5 परसेंट अथवा इसके निचले स्तर पर लाएंगे, लेकिन किसी ने अपने वादे को पूरा नहीं किया है। हालात इस सीमा तक बदतर हो गए हैं कि जापान में पहले 68 परसेंट की जो सब्सिडी होती थी, उसे उसने अब 70 परसेंट कर दिया है, कोरिया में किसानों को 54 परसेंट की जो सब्सिडी दी जाती थी, वह 58 परसेंट हो गई, अमेरिका में ही आज से डेढ़ वर्ष पहले 180 बिलियन डालर एडीशनल सब्सिडी की घोषणा अमेरिकन गवर्नमेंट ने की। और हमारी गवर्नमेंट इम्पोर्ट टैक्स बढ़ाने के बजाय उस इम्पोर्ट टैक्स को कम कर रही है और उसे 50 परसेंट से लेकर 0 परसेंट तक इम्पोर्ट टैक्स, जो हमारे कृषि जिंस हैं, जो हमारे खाद्यान्न हैं, उन पर इस सीमा तक लाकर उसे कम किया है। कैसे हमारे देश का किसान दुनिया के दूसरे देशों के किसानों की स्पर्द्धा में खड़ा हो पाएगा? मैं आपके माध्यम से इस सरकार से यह जानना चाहता हूँ कि क्या इस सरकार ने यह सोच रखा है, मन बना रखा है कि हम इस देश के किसानों की आत्मनिर्भरता पूरी तरह से समाप्त कर देंगे? जो भारत विगत एक दशक से खाद्यान्न के मामले में पूरी तरह से आत्मनिर्भर माना जाता था, वह भारत आज खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर न रह जाए, क्या इस सरकार की यही सोच है? यदि हम ऐसे ही इम्पोर्ट टैक्स घटाते रहे, तो 100, 150, 300 परसेंट टैक्स लगाने का हमारा अधिकार भी हमेशा के लिए

3.00 P.M.

समाप्त हो जाएगा, क्योंकि WTO की provisions ही यही हैं कि यदि आपने 2 वर्ष, 3 वर्ष, 4 वर्ष तक जितना आपको इम्पोर्ट टैक्स लगाने का अधिकार प्राप्त है, यदि उतना इम्पोर्ट टैक्स आपने नहीं लगाया, तो फिर आपका यह अधिकार स्वतः समाप्त हो जाएगा।

[उपसभाध्यक्ष (प्रो0 पी0 जे0 कुरियन) पीठासीन हुए]

अब जब ऐसे हालात पैदा होंगे, तब तो स्थिति और बद से बदतर हो जाएगी। अब यह क्या हो रहा है, यह बात हमारी समझ में नहीं आती। मैं एनडीए शासन काल में याद दिलाना चाहता हूँ कि चाहे वह चावल रहा हो, चाहे गेहूँ रहा हो, चाहे दाल रही हो, कई ऐसे फूड आइटम्स थे, कई ऐसे खाद्यान्न थे, जिनका हम बड़े पैमाने पर एक्सपोर्ट करते थे। आज 2-2.5 वर्षों के अन्दर ही इस प्रकार के बदतर हालात क्यों पैदा हो गए, मैं माननीय कृषि मंत्री जी से इसका भी उत्तर चाहूँगा।

अभी हाल ही में मार्च के महीने में इस गवर्नमेंट ने फैसला किया - आस्ट्रेलिया से, अमेरिका से गेहूँ इम्पोर्ट करने का। क्या जरूरत थी इस गेहूँ को इम्पोर्ट करने की? मार्च के महीने में मार्केट में किसानों का गेहूँ आ जाता है और उसी मार्च के महीने में यह फैसला किया जा रहा है कि हम दुनिया के दूसरे देशों से गेहूँ इम्पोर्ट करेंगे। हम क्या संदेश देना चाहते हैं? श्रीमन्, मैं यह भी बतलाना चाहता हूँ कि मुझे इस बात की पक्की जानकारी है कि यह जो गेहूँ की crisis दिखाई गई है, वह एक manufactured crisis है, वह reality नहीं है, वह artificial crisis है। सच्चाई यह है कि हमारे देश में गेहूँ की उतनी कमी नहीं हुई थी। अब हम आस्ट्रेलिया से 9.50 रुपए, 10 रुपए, 10.50 रुपए, 11 रुपए per kg के हिसाब से गेहूँ खरीद रहे हैं और अपने किसानों को हम 8 रुपए per kg के हिसाब से कीमत नहीं दे पा रहे हैं। आज गेहूँ की कीमत 700-750 रुपए per quintal है, 700 रुपए minimum support price निर्धारित हुई थी और उस पर 50 रुपए का बोनस दिया जा रहा है, इस प्रकार 750 रुपए है। मेरा यह कहना है कि यदि आप आस्ट्रेलिया, अमेरिका से 9.50 रुपए, 10 रुपए per kg के हिसाब से गेहूँ इम्पोर्ट कर रहे थे, तो आपने अपने किसानों को 9 रुपए per kg अथवा 10 रुपए per kg के हिसाब से गेहूँ की कीमत क्यों नहीं दी? आपने क्यों नहीं किसानों से इस कीमत पर गेहूँ खरीदी?

श्रीमन्, मैं विदर्भ के एक संकट बारे में भी कहना चाहता हूँ। माननीय कृषि मंत्री जी भी महाराष्ट्र प्रदेश के ही रहने वाले हैं और महाराष्ट्र में कांग्रेस और एनसीपी की गवर्नमेंट भी है। वहाँ का संकट बहुत बड़ा संकट है। मैं स्वयं विदर्भ के दौरे पर गया था। महोदय, किसानों की आत्म-हत्या की खबरें जब निरंतर बढ़ती हुई जानकारी में आने लगीं तो मैने विदर्भ में क्षेत्र में जाने का फैसला किया और मैं वहां गया। प्रधान मंत्री जी वहां गए थे। उन्होंने वहां पर 3750 करोड़ रुपए के एक रिलीफ पैकेज की भी घोषणा की, लेकिन सारी स्थिति को समझने के बाद मैं इस नतीजे पर पहुंचा हूं कि विदर्भ क्षेत्र में यदि सर्वाधिक आत्म-हत्याएं होती हैं तो वे कॉटन हार्ट लैंड में ही सर्वाधिक होती हैं। महोदय, मैं यहां पर विदर्भ की एक जन आंदोलन समिति के सर्वे का उदाहरण यहां पर देना चाहूंगा जिस में उस जन आंदोलन समिति ने अपने सर्वे में कहा है कि जून और दिसंबर, 2005 के बीच 212 फार्मर्स ने suicide किया जिस में से 182 कॉटन हार्ट लैंड के हैं और 182 में से 170 किसान मोनसेंटो बी0टी0 कॉटन ग्रोअर्स हैं।

महोदय, यह बी0टी0 कॉटन भी वहां के किसानो को आत्म हत्या करने के लिए मजबूर कर रहा है। मोनसेंटो, जेनेटिकल मॉडीफाइड कॉटन सीड जितनी कीमत में यू0एस0 के फार्मर्स को बेचता है, लगभग उतनी ही कीमत मे वह इंडियन फार्मर्स को भी बेचता है। उस की कीमत अब द 1600 रुपए प्रति 450 ग्राम है। श्रीमन्, आप को आश्चर्य होगा इस में रॉयल्टी कम्पोनेंट 1200 रुपए का है और बी0टी0 कॉटन के ये गुण बताए जाते हैं कि बी0टी0 कॉटन का प्रयोग करने से कॉटन की प्रोडक्टिविटी बढ़ेगी, लेकिन विदर्भ में क्या हालत है, इस का अनुमान विदर्भ में जाकर ही लगाया जा सकता है। महोदय, मैं बी0टी0 कॉटन के बारे में कहना चाहता हूं कि BT Cotton has emerged as a killer for the farmers of Vidharbha, Andhra Pradesh, and Karnataka also.

अब आंध्र प्रदेश गवर्नमेंट ने इस बी0टी0 कॉटन के कारण पैदा संकट को समझा है और समझने के बाद उन्होंने मोनोपोली एंड ट्रेड प्रैक्टिसेस कमीशन के सामने एक केस फाइल किया है, लेकिन अब तक उस की क्या प्रगति है, इस् संबंध मे मुझे जानकारी नहीं है। शायद हमारे कृषि मंत्री जी उस के संबंध में हमे बतला सकेंगे।

महोदय, एक संकट जो सीड्स के बारे में पैदा हो रहा है, उस की भी मैं यहां पर चर्चा करना चाहूंगा। महोदय, इस समय 10 मल्टीनेशनल कंपनीज भारत के अंदर सीड्स बेचने का काम कर रही हैं। हमारे यहां का किसान अपने ट्रेडीशनल सीड्स के आधार पर इस देश में उत्पादन करता रहा है, उत्पादन बढ़ाता रहा है और हमारे किसान के समक्ष कभी कोई ऐसा संकट पैदा नहीं हुआ है, लेकिन जो सीड्स ग्लोबल कंपनीज के द्वारा बेचा जा रहा है, उस के कारण भी हमारे किसानों के समक्ष एक संकट पैदा हो रहा है। इस कारण बीज महंगे हो रहे हैं, महंगे रेट पर उस बीज को खरीदने के लिए किसान मजबूर है, लेकिन जिस रेट से वह बीज खरीदता है, उस रेशियो मे उस की प्रोडक्टिविटी नहीं बढ़ती है, उस का उत्पादन नहीं बढ़ता है और स्वाभाविक रूप से आज उस का यह कृषि कार्य घाटे का सौदा बन जाता है।

महोदय, मेरी जानकारी में एक बात आई है कि U.S. India Knowledge Initiative in Agriculture नामक एक योजना आरंभ की गयी है। मैं कृषि मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि यह योजना क्या है? क्या यह योजना भी उसी तरह एक किलर के रूप में अपनी भूमिका का निर्वाह करेगी? महोदय, यह योजना एक ग्लोबल कंपनी Wallmart & Monsanto द्वारा चलायी जा रही है। श्रीमन्, मैं आप के माध्यम से जानना चाहता हूं कि क्या ये ग्लोबल कंपनीज हमारी फूड सेक्युरिटी की गारंटी दे पाएंगी? क्या ये फार्मर्स की जीविका की, उन की livelihood की चिंता कर पाएंगी? मैं समझता हूं कि हमारे कृषि मंत्री जी भी इस बात को स्वीकार करेंगे कि इन कंपनीज के द्वारा यह चिंता नहीं की जा सकती है।

सर, अब मैं यहाँ पर इस समस्या के समाधान के सम्बन्ध में थोड़ी-बहुत चर्चा करना चाहूँगा। किसानों की जो भी असिंचित भूमि है, यदि उस किसान ने कोई लोन लिया है, तो मैं यह कहना चाहता हूँ कि उस लोन के ऊपर जो इंटरेस्ट है, वह पूरी तरह से माफ किया जाना चाहिए। कम-से-कम जो असिंचित कृषि क्षेत्र है, उस पर से माफ किया जाना चाहिए। किसानों को जो लोन दिया जाता है, उस पर कमर्शियल बैंक्स का रेट ऑफ् इंटरेस्ट आज 9 फीसदी या साढ़े आठ फीसदी है। एग्रिकल्चरल क्रेडिट पर यह रेट ऑफ् इंटरेस्ट है। जहाँ तक प्राइवेट मनी

लेंडर्स हैं, वे तो आजकल 50 परसेंट से लेकर 100 परसेंट के रेट ऑफ् इंटरेस्ट पर किसानों को यह कर्ज दे रहे हैं।

मैं समझता हूँ कि यह कर्ज एक बहुत बड़ा कारण है, जिसके चलते वह किसान आत्महत्या करने को मजबूर हो रहा है। वह स्वाभिमान की जिन्दगी जीना चाहता है, लेकिन यह सरकार इस देश के किसान को स्वाभिमान की जिन्दगी भी जीने नहीं दे रही है। श्रीमन्, मैं यह कहना चाहता हूँ कि किसानों को एग्रिकल्चरल काम के लिए, कृषि कार्य के लिए जो लोन दिया जाए, उस पर रेट ऑफ् इंटरेस्ट किसी भी सूरत में 4 परसेंट से अधिक नहीं होना चाहिए। मैं यह भी कहना चाहूँगा कि जो लोन दिया जाए, उस लोन के ऊपर, उस क्रेडिट के ऊपर, कम-से-कम दो साल के लिए किसी भी प्रकार का कोई रेट ऑफ् इंटरेस्ट नहीं लगना चाहिए, ब्याज नहीं लगना चाहिए। मैं समझता हूँ कि हमारे कृषि मंत्री जी और साथ ही हमारे वित्त मंत्री जी भी, जो इस समय यहाँ नही हैं, इस पर भी विचार करेंगे।

श्रीमन्, मैंने प्राकृतिक आपदा की चर्चा की थी ...**(व्यवधान)**... उन्हें रहना तो चाहिए, लेकिन वे नही हैं ...**(व्यवधान)**...

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: Sir, last time, when the discussion took place, we made an appeal to the House that this is a very important subject and this cannot be dealt alone by the Agriculture Minister because most of the policy-related issues are with the Finance Ministry. It was suggested at that time. We thought that the Finance Minister will also be here during this important discussion.

SHRIMATI BRINDA KARAT (West Bengal): Last time, he was here, but Sharad*ji* was not here.

SHRI M. VENKAIAH NAIDU: He had just come and gone. I don't know if he can be called by the Parliamentary Affairs Minister. We are not making a complaint. But, for a better and a constructive discussion, it will be useful for the House.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): That's okay, but the Agriculture Minister is here.

श्री अमर सिंह (उत्तर प्रदेश): वित्त मंत्री जी का रहना बहुत आवश्यक है। ऐसे संवेदनशील विषय पर इतनी असंवेदनशीलता ठीक नही है, उपसभाध्यक्ष महोदय। ...**(व्यवधान)**... वित्त मंत्री जी को उपस्थित रहना चाहिए ...**(व्यवधान)**...

कृषि मंत्री तथा उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक विवरण मंत्री (श्री शरद पवार): वे रहते हैं, तो उनको रहने नहीं देते हैं ...**(व्यवधान)**...

श्री अमर सिंह : क्योंकि वे आपको पैसा देगे। जैसे 15 सौ करोड़ रुपए विदर्भ को दिया, आन्ध्र को भी दिया। उत्तर प्रदेश में भी सूखा पड़ जाए, तो हमें भी मिल जाए ...**(व्यवधान)**...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): It is not necessary that the Minister should be here to be aware of the discussion that is taking place. The Agriculture Minister is competent enough to deal with this. But, the Finance Minister will certainly get all the information from here. If he comes, it would be better. However, even if he is not here.....

श्री राजनाथ सिंह : श्रीमन्, मैं एग्रिकल्चरल लोन के बारे में यह कहना चाहूँगा कि मैंने यह माँग की कि रेट ऑफ इंटरेस्ट किसी भी सूरत में 4 परसेंट से अधिक नही होना चाहिए। जहाँ तक मेरी जानकारी है कि शायद चीन में किसानों को जो लोन दिया जाता है, उस पर इंटरेस्ट नहीं लगता है। वह कितने वर्षों के लिए नहीं लगता है, यह तो मैं नहीं कह सकता हूँ, लेकिन मेरी जानकारी में जो बात है कि शायद चीन में इस प्रकार से कोई इंटरेस्ट नहीं लगता है। एग्रिकल्चर सेक्टर में यदि कोई देश सबसे ज्यादा इन्वेस्टमेंट करता है, तो चीन करता है। हम उसके पड़ोसी देश हैं। अब एग्रिकल्चर सेक्टर में हमारा इन्वेस्टमेंट कितने का है? First Five Year Plan, Second Five Year Plan और Third Five Year Plan में एग्रिकल्चर सेक्टर में हमारा जितना इन्वेस्टमेंट था, मैं समझ रहा हूँ कि हमारा वह इन्वेस्टमेंट निरन्तर घटता ही जा रहा है। यह एक चिन्ता का विषय है। मैं यह मानता हूँ कि यदि हम कृषि के क्षेत्र को लाभकारी बनाना चाहते हैं, तो यह आवश्यक है कि पब्लिक इन्वेस्टमेंट होना चाहिए। लेकिन पब्लिक इन्वेस्टमेंट के साथ-साथ इसे भी मैं स्वीकार करता हूँ कि प्राइवेट इन्वेस्टमेंट होना चाहिए। लेकिन, जब मैं प्राइवेट इन्वेस्टमेंट की बात करता हूँ, तो ऐसा नहीं है कि सारी ग्लोबल कम्पनीज़ आकर यहाँ पर उस क्षेत्र में इन्वेस्टमेंट करें, बल्कि किसानों की परचेजिंग कैपेसिटी, उनकी आमदनी इतनी बढ़ाई जाए, ताकि उनके अन्दर अपने कृषि कार्य में अधिक-से-अधिक इन्वेस्ट करने की क्षमता पैदा हो सके। यह आवश्यक है।

श्रीमन्, मैंने एम0एस0पी0 के बारे में भी चर्चा की। एम0एस0पी0, मिनिमम सपोर्ट प्राइस के बारे में एक बार माननीय कृषि मंत्री जी विचार करें और इस बात को ध्यान में रख कर विचार करें, ताकि किसानों के लिए यह खेती का कार्य उनके लिए लाभकारी हो सके। उपसभाध्यक्ष जी, मैं यहां पर कोआपरेटिव्स के बारे में चर्चा करना चाहूंगा। कई ऐसे राज्य हैं, जहां पर कोआपरेटिव बैंक्स और कोआपरेटिव सोसायटीज की हालत बद से बदतर हो चुकी है। वित्त मंत्री जो ने जो अपनी पहली बजट-स्पीच दी थी, मुझे स्मरण है, उन्होंने कहा था कि जिन कोआपरेटिव बैंक्स की अथवा कोआपरेटिव सोसायटीज की हालत बिगड़ चुकी है, हम उन सारे कोआपरेटिव बैंक्स और कोआपरेटिव सोसायटीज के हालात में सुधार लाएंगे। यह बात हम सभी लोग जानते हैं कि हमारा किसान यदि लोन लेता है, तो 70 परसेंट किसान कोआपरेटिव बैंक्स के माध्यम से ही लेता है और जहां तक कॉमर्शियल बैंक्स का सवाल है, कॉमर्शिल बैंक्स से तो केवल 20 परसेंट ही हमारा किसान लोन लेता है। मैं जानना चाहूंगा कि इन कोआपरेटिव बैंक्स, कोआपरेटिव सोसायटीज की हालत सुधारने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं? और, इस आग्रह के साथ मैं यह कहना चाहूंगा कि यदि अब तक आपने कोई कदम नहीं उठाया है, तो निश्चित रूप से इस दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाना चाहिए। मैं यह भी जानना चाहूंगा कि मल्टीस्टेट्स कोआपरेटिव एक्ट के बारे में अब तक क्या हुआ है? इसकी प्रगति क्या है? कितने राज्यों ने इसे स्वीकार किया है? मैं समझता हूँ कि इसकी जानकारी हमारे कृषि मंत्री जी जब अपना उत्तर देंगे, तो जरूर देंगे।

श्रीमन्, जैसा मैंने कहा कि हमारे देश में कृषि-योग्य 40 फीसदी भूमि ऐसी है, जो सिंचित है और लगभग 58-60फीसदी असिंचित है। बड़ी-बड़ी सिंचाई की परियोजनाओं के माध्यम से सारी कृषि योग्य भूमि को सिंचित नहीं बनाया जा सकता, बल्कि मैं यह मानता हूँ कि छोटी परियोजनाओं के माध्यम से ही अधिक से अधिक कृषि-योग्य भूमि को सिंचित बनाया जा सकता है और इसलिए छोटी सिंचाई परियोजनाओं को सरकार की तरफ से कैसे अधिक से अधिक प्रोत्साहन दिया जाए, इसकी भी शासन को चिंता करनी चाहिए। हम यह भी जानते हैं कि हमारे देश में मार्जिनल फार्मर्स 22.3 परसेंट हैं और जिनको लेंडलेस फार्मर्स कहते हैं उनका परसेंटेज 40.9 है। सरकार से मैं यह अपेक्षा करुंगा कि सरकार इनके लिए ऐसी मार्केट कमेटीज बनाए, जो इनके अनुकूल हों। अब सारे के सारे सीमांत किसानों के माल को, इनके उत्पाद को, मैं समझता हूँ, कैपिटल मार्केट के हवाले नहीं किया जाना चाहिए। सरकार द्वारा इस पर भी चिंता करना आवश्यक है।

श्रीमन्, लोन के बारे में एक बात और कहकर मैं अपनी बात समाप्त करुंगा।

उपसभाध्यक्ष (प्रो0 पी0 जे0 कुरियन) : लोन के बारे में तो आप बोल चुके हैं। ...**(व्यवधान)**... Don't go back to the points because there is a constraint of time.

श्री राजनाथ सिंह : सर, मैं बोल चुका हूँ, लेकिन इसमें एक बात रह गई थी, उसकी भी चर्चा कर देना चाहता हूँ। जो किसानों के ऊपर कर्ज है, उसके बारे में मैं यह कहना चाहता हूँ कि जहां पर स्थिति बद से बदतर हो चुकी है, वहां पर उनके इस लोन की, इस क्रेडिट की वन टाइम सेटलमेंट करने पर भी विचार करना चाहिए, केवल कभी-कभी टोकन रिलीफ पैकेज देने से किसानों का कोई कल्याण नहीं हो सकता है।

श्रीमन्, इस समय इससे ज्यादा कुछ न कहते हुए मैं इतनी ही सरकार से अपेक्षा करुंगा कि यह सरकार किसानों की भूमिका के साथ न्याय करे, क्योंकि किसान इस देश का सबसे बड़ा उत्पादक है, किसान इस देश का सबसे बड़ा उपभोक्ता है, ग्राहक है। जिस दिन किसान की परचेजिंग कैपेसिटी बढ़ जाएगी, जिस दिन किसान की क्रय-क्षमता हो जाएगी, तो मैं दावे के साथ कह सकता हूँ कि इस देश की अर्थव्यवस्था को ऊंचाई हासिल करने से कोई ताकत रोक नहीं सकती। इन्हीं शब्दों के साथ, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री जनेश्वर मिश्र (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, असल में यह विषय बहुत ही उदास है और अगर मैं ज्यादती न करुं, तो मैं कहूंगा कि यह बहुत ही मनहूस विषय है, जिस विषय पर हम लोग इस समय चर्चा कर रहे हैं। वे लोग कितने मरे हैं, जो हमारी रोटी का इंतजाम किया करते हैं, इस विषय पर हम चर्चा कर रहे हैं। बहुत उदास, मैंने जानबूझ कर कहा। कभी-कभी हम लोग अपने गांव में होते हैं, कोई मर जाता है, मिट्टी होती है, उसी समय कोई खुशी की खबर आती है कि गांव का लड़का जिला की फुटबाल टीम में चुन लिया गया है, तो थोड़ी देर के लिए उदासी खत्म हो जाती है। ठीक उसी तरह से खेती के इस मुद्दे पर जब हम बहस करते हैं तो अखबारों में छपता है कि हिन्दुस्तान की खेती का मिनिस्टर हिन्दुस्तान की खेल कम्पनी का बहुत बड़ा उस्ताद है, बहुत बड़ा मालिक है, चुनाव जीत गया है, तो थोड़ी देर के लिए उदासी कम हो जाती है। लेकिन, खेती खेल नहीं है। मंत्री महोदय, मैं गंभीरता के साथ कहना चाहता हूं कि दुनिया के किसी भी देश का खेती-बाड़ी का मंत्री खेल में दिलचस्पी

नहीं रखता, क्योंकि खेती 24 घंटे का काम है। कितना समय आप देते हैं क्रिकेट में और कितना समय देते हैं खेती में, कभी इसका हिसाब-किताब होगा। संसद आपसे पूछ नहीं पाएगी, क्योंकि यह आपका व्यक्तिगत मामला कहा जाएगा। लेकिन, यह बहुत गंभीर मामला है और जब कभी हिन्दुस्तान की खेती खेल बन जाएगी, उस दिन हिन्दुस्तान का किसान खुदकुशी करने लगेगा, उसको कोई रोक नहीं पाएगा। परिस्थितियां इस तरह से बन जाती हैं। इसलिए मैंने कहा कि बहुत उदास और बहुत मनहूस विषय पर डा0 एम0एस0 गिल और श्री राजनाथ सिंह जी ने चर्चा उठाई है।

अभी-अभी प्रधानमंत्री जी विदर्भ गए, उस इलाके में गांधी जी का एक आश्रम भी है, वर्धा गए ही होंगे, क्योकि आम तौर पर रस्म के तौर पर प्रधानमंत्री, मंत्री या नेता लोग जब वहां जाते हैं तो वर्धा दर्शन करने जाते हैं। पता नहीं गांधी जी के उस वर्धा आश्रम से उनको कितनी प्रेरणा मिली होगी या हम लोगों को कितनी मिलती है, लेकिन खेती के बारे में तो गांधी जी की अपनी एक दृष्टि थी। घरेलू उद्योग और घरेलू उत्पाद के बारे में तो गांधी जी की अपनी एक दृष्टि थी। हम यह नहीं कहते कि जिस बेतहाशा दौड़ में दुनिया के साथ हम जाना चाहते हैं, उद्योग जगत में न जाएं, लेकिन अपना घर संभाल कर जाना चाहिए। आज लगता है कि हमारा घर उजड़ सा रहा है। हमने यह जो आत्महत्या की रिपोर्ट देखी है, जिसको राजनाथ सिंह जी पढ़कर सुना रहे थे कि इतनी आत्महत्याएं कब हुईं, कब हुईं, ये सब जितनी आत्महत्याएं हुई हैं, केवल मर्द लोगों की हुई हैं। हमारी बहनें कभी-कभी 33 परसैंट रिज़र्वेशन का हक मांगती हैं, इन आत्महत्याओं में कहीं 33 परसैंट इनका है ही नहीं। ...**(व्यवधान)**... महिलाएं आत्महत्या नहीं करतीं और महिलाएं ही नहीं, खेती में जो मजदूरी करता है, वह तो महिलाओं से भी ज्यादा बद्तर हालात में होता है किसान के घर में, वह आत्महत्या नहीं करता, वह भुखमरी का शिकार हो जाता है, मंत्री जी, जिसकी चर्चा ही हम लोग नही कर रहे हैं। गरीब किसान जब खुदकुशी करता है तो जिस हालत में, उसकी जो माली हालत होती है, उसके बच्चे और घर की महिलाएं भुखमरी का शिकार होती हैं, उसके खेत में जो मजदूरी करता है, वह मजदूर भुखमरी का शिकार होता है, वह आत्महत्या का शिकार नही होता। यह टोटल आप जोड़ेंगे तो बड़ी भयानक तस्वीर हिन्दुस्तान के खेत की जमीन पर इस समय बनी हुई है, जिस पर हमको बहुत गंभीरता से सोचना पड़ेगा। क्या वाकई इसी तरह से चलता रहेगा?

यह सही है कि हिन्दुस्तान की ज्यादातर खेती आसमान पर मुनहसिर करती है। पानी बरस जाएगा, तभी खेती अच्छी होगी। जमीन से पानी निकालने का या जमीन पर जो पानी बहता है, उस पानी का इस्तेमाल करने का कोई रास्ता हम लोगों ने बहुत कम निकाला है। आजकल बरसात का मौसम है, लेकिन कई इलाकों में पानी ही नहीं बरस रहा है, सूखा है, किसान त्राहि-त्राहि कर रहा है और कई जगहों पर तो, देहातों में जाने पर यह रिपोर्ट मिलती है कि पानी बरस जाए समय से, इसके लिए गांव में किसी नाई की औरत या कोई औरत कपड़े उतारकर रात में हल चलाती है ताकि इंद्र भगवान खुश हो जाएं। हिन्दुस्तान सीता-सावित्री का देश है, द्रौपदी का देश है, जहां सीता-सावित्री की बेटियां खुदा को खुश करने के लिए, ताकि उसके खेत में हरियाली आ जाए, अपने कपड़े उतार दें और यह सरकार यहां पर बैठकर बोले कि हम मंत्रालय चला रहे हैं, सरकार चला रहे हैं, तो यह अच्छी बात नहीं है। खेती खेल में नहीं गुजरनी चाहिए, मैं इतना निवेदन करुंगा, यह मेरा पहला वाक्य है। बहुत भयानक तस्वीर है, ऐसी तस्वीर है, जिसकी कभी कल्पना भी नहीं की जा सकती और इस तस्वीर को बनाती है सरकार

की नीतियां। कभी भी खेती की इस दुर्दशा के बारे में कोई गोष्ठी ही नहीं होती है। खेती के बारे में तो गोष्ठी या विचार बैठक होती है, क्योंकि वह खेती बड़े घराने के लिए हुआ करती है, वह टेक्निकल खेती होती है, लेकिन आम तौर से जो हमारे यहां खेती हुआ करती है, उसके बारे मे कभी कोई चर्चा नहीं हुआ करती है और सर, जब चर्चा नहीं होती है तो जो दर्द उभरता है, उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है।

हमारा देश गरीब देश है। हम केवल दिल्ली और मुम्बई को दिखा कर कह देते हैं कि हम विकासशील देश हो रहे हैं, लेकिन सच तो यह है कि जब हम अपने गांवो को देखते हैं तो हम अभी विकास की तरफ जा भी रहे हैं या नहीं, कहा नही जा सकता। हमारा देश बहुत गरीब है, क्योंकि महोदय, हिन्दुस्तान के उत्पादक श्रम दो ही होते हैं। एक उत्पादक श्रम वह होता है, जो मशीन पर पसीना बहाया करता है और एक उत्पादक श्रम वह होता है, जो जमीन पर पसीना बहाया करता है। हम लोग उत्पादक श्रम वाले लोग नहीं हैं अथवा जो उस गैलरी में बैठते हैं, वे भी उत्पादक श्रम वाले नहीं हैं। हम लोग इंतजामकार हो सकते हैं, लेकिन उत्पादक श्रम तो वही कहलाता है कि अगर जमीन पर या मशीन पर पसीना गिर जाए तो उससे कोई दूसरी चीज़ पैदा हो जाए।

मज़दूर थोड़े-बहुत संगठित होते हैं, जब उनके पसीने का ठीक दाम नहीं मिलता तो कभी-कभी हल्ला बोलते हैं, लेकिन किसान संगठित नहीं होता है, जब वह अपना पसीना जमीन पर गिराता है तो दो मिनट में ही सूख जाता है। मशीन वाला पसीना तो थोड़ा बहुत दिखाई भी देता है इसलिए वह संगठित हो जाता है, लेकिन किसान का पसीना जमीन पर गिरते ही दिखाई भी नहीं देता, क्योंकि वह बेचारा संगठित नहीं होता, यदि ऐसा होता और अगर वह अपनी जमीन पर बहे हुए पसीने की कीमत लेने चल देता तो खेती और खेल साथ-साथ नहीं चल सकते थे। तब किसान, जो अपने बगीचे में गुलाब लगाता है, उसकी कली किसी नेता, सेठ या अफसर के कोट के गले या जेब में नहीं लगी होती, बल्कि किसान के साफे में लगी होती, लेकिन वह अपना पसीना देख ही नहीं पाता, समझ ही नहीं पाता, क्योंकि वह तो जमीन में गिरते ही सूख जाया करता है और वह उस सूखे हुए पसीने की कीमत न तो सरकार से मांग सकता है और न ही समाज से मांग सकता है। वह अपना पसीना बहाता जाता है, उसकी आह निकलती जाती है, लेकिन और कितनी आह निकालेगा वह? कितना दया का पात्र बनेगा?

हिन्दुस्तान का किसान आज आत्महत्या कर रहा है, क्या आप जानते हैं कि किसान क्या होता है? वह एक गाय जैसा होता है। जब बीजेपी के मित्रों की सरकार थी, उत्तर प्रदेश में किसी किसान की हत्या हो गई थी, तब एक बार हमने कहा था कि किसान तो गाय होता है और हमने कहा कि तुमने तो गौ-हत्या कर दी। सर, जो गाय होती है, वह अपने थनों में थोड़ा सा दूध अपने बच्चे के लिए बचा करके रख लेती है और बाकी दूसरों को दे दिया करती है। किसान भी थोड़ा सा अनाज अपने बच्चों के लिए बचा लेने के बाद पैदा किए गए बाकी सारे अनाज को दूसरों को खिला देता है। हम पार्लियामेंट के मैम्बर खेती नहीं करते हैं, गेहूं पैदा नहीं करते हैं, यह जो बड़े-बड़े दफ्तर खुले हुए हैं, इनके अफसर और बाबू भी खेती नही करते हैं, लेकिन उन्हीं किसानों की कमाई की आई हुई रोटी यहां पर खाई जाती है। वह गाय जैसा होता है, वह केवल बर्दाश्त करता है, वह तो अपने सींगों को हिलाना भी नहीं जानता, लेकिन यह सब किस सीमा तक होना चाहिए।

अभी हमारे एक मित्र ने कहा था कि इनकी संख्या 65 करोड़ है, अगर कभी करवट बदल देंगे तो लेने के देने पड़ जाएंगे। हम यह तो नहीं कहते कि इनको बगावत के रास्ते पर ले कर जाया जाए, लेकिन उनको इन्सान की तरह रहने के लिए तो छोड़ा जाए। यह जो पैदा करते हैं, उन्हें उसका दाम ही नहीं मिलता है। मंत्री जी, यह जो आपका कृषि मूल्य आयोग बैठता है, ठंडे-गर्म कमरे में बैठ करके उनका भाव तय किया करता है, वह जानता ही नहीं है कि खलिहान में कितनी लू चलती है, वह जानता ही नहीं है कि गेहूं के खेत में कितनी औंस पड़ती है, वह तो बैठ कर केवल भाव तय करता है। जब कारखाने का आदमी अपने लोहे का भाव तय करता है तो जितना इन्पुट लगा रहता है, उपादान लगा रहता है, सबकी कीमत जोड़ता है, उसके साथ ही साथ कारखाने का मालिक अपनी तनख्वाह, अपना शेयर जोड़ता है, मजदूर की मजदूरी जोड़ता है, मशीन का रगड़-घिसाव जोड़ता है और तब जा कर उत्पाद की कीमत तय करता है। किसान के गेहूं की कीमत तय होती है, धान की कीमत तय होती है। तो जिस खेत में किसान अपना धान और गेहूं पैदा करता है उसके साल भर की मजदूरी हम न्यूनतम मजदूरी नहीं कहते, मालिक लोगों की तरह से एक हैसियत की मजदूरी, उसके बाल-बच्चे जो काम करते रहते हैं उसकी हैसियत से उनकी मजदूरी, क्या जोड़ करके भाव तय होता है? और नहीं होता है तो कारखाने की चीज...**(समय की घंटी)**...

दो मिनट में खत्म करुंगा, सर। कारखाने की चीज और खेत-खलिहान की चीज के भाव एक दूसरे को लूटते रहेंगे। पहली मर्तबा ज़ब मैं पार्लियामेंट का मेंबर होकर आया था, सिक्सटीज का जमाना था, इन्दिरा जी प्रधान मंत्री थीं। उपसभाध्यक्ष महोदय, तो हम लोग कभी-कभी नारा लगाते थे कि -"बड़ा निकम्मा शासन है, सवा सेर का राशन है। सड़क पर जुलूस निकालते थे संसो पार्टी, तब हमारे नेता लोहिया जी, राजनारायण जी वगैरह नेता सब हुआ करते थे तब यह नारा लगाते थे। सवा सेर का राशन यानी एक रुपए का एक सेर गेहूं। उस समय किलो नहीं था, और उन दिनों जब मैं फूलपुर चुनाव लड़ने जाता था तो देहात के किसी पैट्रोल पम्प पर जब पैट्रोल भरवाते थे तो पांच रुपए में एक गैलन पैट्रोल मिलता था। पांच लीटर मे एक गैलन होता है। पांच रुपए में एक गैलन पैट्रोल यानी एक लीटर पैट्रोल एक रुपए का एक किलो गेहूं एक रुपए का। आज गेहूं है आठ रुपए किलो और पैट्रोल है पचास रुपए किलो यानी पचास रुपए लीटर। हमारा दाम आठ गुना बढ़ा, हम यह नहीं कहते कि हमारा दाम बढ़ा नहीं है, कल के मुकाबले बढ़ा है। लेकिन हमारे पड़ौस के मुकाबले में नहीं बढ़ा है, तो हम दरिद्र रह गए। दरिद्रता दो तरह की होती है। पहले जो हम कमाते थे उससे ज्यादा कमाएंगे तो कहा जाएगा कि हम थोड़ा ज्यादा कमा रहे हैं। लेकिन हमारा पड़ौसी उससे बहुत ज्यादा कमा गया तो कहा जाएगा कि हम समाज में दरिद्र हो गए। जो पैट्रोल पैदा करेगा, जो पैट्रोल बेचेगा वह पचास रुपए लीटर बेचेगा जो एक रुपए लीटर बेचा करता था। उन दिनों जब हम पहली बार पार्लियामेंट में आए थे और जो गेहूं एक रुपए किलो बेचा करता था उन दिनों वह अब आठ रुपए किलो बेचेगा। यह अर्थशास्त्र समझना पड़ेगा। कहीं न कहीं कारखाने की चीजों के बारे में और किसानी खलिहान की पैदावार के बारे में दाम में सरकार को एक संतुलित नीति बनानी पड़ेगी, वरना यह किसान टूट जाएगा, खुदकशी करता रह जाएगा। इसको रोकना पड़ेगा।

